20-नवम्बर-2022 | Email-dainikbulandvani@gmail.com | M. 9760241521, M. 8923196960




*संजय कुमार राजपूत*

## प्रतिभाशाली छात्र निशांत कुमार दौलत ने CSIR (NET) की परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का किया नाम रोशन।

हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी हरिद्वार गणित विभाग के प्रतिभाशाली छात्र निशांत कुमार दौलत ने CSIR (NET) की परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इसके साथ-साथ हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय उत्तराखंड के एमएससी मैथमेटिक्स में प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्ड मेडल के लिए नामित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर के पी सिंह ने निशांत का उत्साह वर्धन करते हुए कहा यह सफलता दृढ़ संकल्प एवं अनुशासन का प्रतिफल है महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर सी पालीवाल ने प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के महाविद्यालय से विश्वविद्यालय टॉप करने एवं राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट में सफलता छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है। सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत ने कहा कि दृड संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता।गणित विभाग के प्रभारी डॉक्टर नीटू राम एवं ललित मोहन सैनी जी ने कहा की निशांत कुमार दौलत कि कठिन परिश्रम, उद्देश्य पारक इच्छा शक्ति एवं समर्पण का परिणाम है। छात्र निशांत कुमार दौलत ने गणित विभाग के प्रभारी डॉक्टर नीटू राम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह मेरा उद्देश्य गुरु जी के उचित मार्गदर्शन में संभव हो सका।



विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए

**सम्पर्क करें**

राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर फुटबाल टूर्नामेंट आयोजित

**लक्सर।** हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी की क्रीड़ा समिति द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस पर फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. केपी सिंह व सचिव डा. हर्ष कुमार दौलत ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. आरसी पालीवाल ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन समिति प्रभारी डा. केपी तोमर व प्रांगण समिति डा. स्मृति कुकशाल का योगदान इसी तरह हर कार्यक्रम में रहना चाहिए। खेल का समापन राष्ट्रगान एवं मेजर ध्यानचंद का स्मरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्रीड़ा समिति के डा. अतुल दुबे, डा. प्रदीप कुमार, वि ानाथ शर्मा, डा. विनीता दहिया, नेहा सिंह, संदीप, अनुज ने महाविद्यालय परिवार का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रतियोगिता में डा.अजीत राम, डा. विक्रम सिंह, डा. रणवीर सिंह, डा. हरीश राम, डा. सरला भारद्वाज, डा. वंदना, डा. मंजू, डा. दुर्गा, डा. सारिका, डा. निशा, डा. मनोज, डा. मुरली सिंह, डा. ललित मोहन, डा. कुलदीप, रवि, नीतीश आदि रहे।



हरिद्वार : हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्र।

# हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज में क्रीड़ा प्रतियोगिता में दिखाया छात्रों ने दम

अमर भास्कर संवाददाता

रुड़की ! हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज, रायसी की क्रीडा समिति द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस 2022 के अवसर पर फनी गेम का आयोजन किया गया। गेम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह ने फीता काटकर एवं सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत ने पैरों से फुटबॉल उछालकर की। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए छात्र-छात्राओं के साथ-साथ प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने भी अपने निस्वार्थ एवं समर्पित भाव से सहयोग देकर प्रतियोगिता को सफल बनाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरसी



पालीवाल ने क्रीडा समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना चाहिए। इसके साथ साथ प्राचार्य ने कहा कि अनुशासन समिति प्रभारी (डॉ केपी तोमर) एवं प्रांगण समिति (डॉ स्मृति कुकशाल) का योगदान इसी तरह हर कार्यक्रम में रहना चाहिए। खेल का समापन राष्ट्रगान एवं मेजर ध्यानचंद का स्मरण करते हुए महाविद्यालय परिवार एक मंच पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्रीड़ा समिति के सभी सदस्य डॉ अतुल कुमार दुबे, डॉ नेहा सिंह डॉ विनीता दहिया डॉ प्रदीप कुमार डॉ मोहम्मद इकराम, विश्वनाथ शर्मा, अनुज, संदीप ने महाविद्यालय परिवार के सभी प्राध्यापको, कर्मचारियों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता में डॉ अजीत राम डॉ विक्रम सिंह डॉ वंदना डॉ. रणवीर सिंह डॉ हरीश राम डॉ कुलदीप डॉ. मुरली सिंह डॉक्टर सरला भारद्वाज, डॉ विनीता डॉ मंजू डॉ. दुर्गा डॉ. सारिका महेश्वरी डॉ. निशा डॉ विनीता कश्यप डॉ मनोज डॉ ललित मोहन सैनी, नीतीश कुमार रवि आदि ने अपने सहयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज में हुआ फनी गेम का आयोजन

**रुड़की बद्री विशाल।** हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज हरिद्वार के क्रीडा समिति द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस 2022 के अवसर पर फनी गेम का आयोजन



किया गया। गेम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह ने फीता काटकर एवं सचिव डॉ. हर्ष कुमार दौलत ने फुटबॉल पर पैरों के प्रहार से फनी गेम्स प्रतियोगिता की शुरुआत की। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए छात्र-छात्राओं के साथ-साथ प्राध्यापक-प्राध्यापिका एवं कर्मचारी गण ने अपने निस्वार्थ भाव एवं समर्पित सहयोग से सफल बनाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरसी पालीवाल ने क्रीडा समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना चाहिए। इसके साथ प्राचार्य ने कहा कि अनुशासन समिति प्रभारी (डॉ. केपी तोमर) एवं प्रांगण समिति (डॉ. स्मृति कुकशाल) का योगदान इसी तरह हर कार्यक्रम में रहना चाहिए। खेल का समापन राष्ट्रगान एवं मेजर ध्यानचंद का स्मरण करते हुए महाविद्यालय परिवार एक मंच पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्रीड़ा समिति के सभी सदस्य डॉ. अतुल कुमार दुबे, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. विनीता दहिया, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. मोहम्मद इकराम, विश्वनाथ शर्मा, अनुज, संदीप ने महाविद्यालय परिवार के सभी प्राध्यापक -प्राध्यापिका एवं कर्मचारी गणों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता में डॉ. अजीत राम, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. वंदना, डॉक्टर रणवीर सिंह, डॉ. हरीश राम, डॉ. कुलदीप, डॉक्टर मुरली सिंह, डॉक्टर सरला भारद्वाज, डॉ. विनीता, डॉ. मंजू, डॉ. दुर्गा, डॉ. सारिका महेश्वरी, डॉ. निशा, डॉ. विनीता कश्यप, डॉ. मनोज, डॉ. ललित मोहन सैनी, नीतीश कुमार, रवि आदि ने अपने सहयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

# दैनिक जीवन में योग के महत्व हुआ ऑनलाइन व्याख्यान

**अमर भास्कर संवाददाता**

लक्सर! हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी में वर्तमान जीवन में योग के महत्व पर छात्र कल्याण समिति द्वारा ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के सभी छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह ने किया! उन्होंने कहा कि योग कोई धर्म नहीं है यह जीवन जीने का एक तरीका है जिसका लक्ष्य स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिक का वास है। ऑनलाइन व्याख्यान में महाविद्यालय की उपाध्यक्षा डॉ प्रभावती, डॉ हर्ष कुमार दौलत ने कहा कि योग बच्चों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण ध्यान, एकाग्रता में मदद करता है।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश




चंद्र पाल ने कहा कि योग जीवन का वह दर्शन है उसके आत्मा से जोड़ता है। योग हमें ऊर्जा, स्वास्थ्य, संतोष, एकाग्रता और बीमारियों से मुक्ति दिलाने का कार्य करता है। उत्कर्ष योग संस्था के संस्थापक सदस्य योग गुरु डॉ सत्येंद्र सिंह प्रत्याशी ने मुख्य अतिथि के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। योग का दैनिक जीवन में महत्व विषय पर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया कहां कि योग एक जीवन कल्याण का विज्ञान है जो शरीर मन आत्मा को जोड़ने का कार्य करता है। योग संगीत की तरह है शरीर की लय मन की मधुरता आत्मा के सद्भाव मिलकर जीवन को एक सुर में पिरोने का काम योग करता है। छात्रा कल्याण समिति के प्रभारी डॉ नेहा सिंह ने कहा कि दैनिक जीवन में हर बीमारी से मुक्ति पानी है तो योग से नाता जोड़ना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्य डॉ हरीश राम, डॉ मंजू ,डॉ कुलदीप सिंह,डॉ रणवीर सिंह, दीपक कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई। ऑनलाइन व्याख्यान में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने डॉ अजीत राव, डॉ पूनम चौधरी, डॉ निशा पाल, डॉ केपी तोमर, डॉ प्रियंका, डॉ राहुल कौशिक, डॉ अतुल दुबे डॉ मुरली, डॉ सरला, डॉ विनीता दहिया डॉ विकास तायल डॉ रश्मि डॉ प्रमोद कुमार ने भाग लिया।

# भाषण प्रतियोगिता में शौर्य प्रताप ने मारी बाजी

**लक्सर/एसएनबी।**

हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता का शुभारंग महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. केपी सिंह, सचिव डा. हर्ष कुमार दौलत व प्राचार्य डा. राजेश चंद्र पालीवाल द्वारा किया गया। अंतरराष्ट्रीय दास व्यापार उन्मूलन स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता में यूरोपीय देशों में होने वाली दास प्रथा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। भाषण प्रतियोगिता में बीए व एमए के 15 छात्रों ने हिस्सा लिया। जिनमें शौर्य प्रताप ने प्रथम, अभिषेक ने द्वितीय व सुधीर कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. केपी सिंह, सचिव डा. हर्ष कुमार दौलत व प्राचार्य डा. राजेश चंद्र पालीवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा. केपी सिंह ने कहा कि दास व्यापार एक ऐसी सामाजिक बुराई थी, जिसको दूर करना समय की मांग थी। भारत सहित अन्य देशों में इस सामाजिक बुराई का उन्मूलन समय रहते कर दिया गया। डा. हर्ष कुमार दौलत ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सामाजिक

### अंतरराष्ट्रीय दास व्यापार उन्मूलन स्मृति में प्रतियोगिता आयोजित

बुराइयों का अंत करना जरूरी है। प्राचार्य डा. राजेश चंद्र पालीवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल छात्रों का मानसिक विकास होता है, बल्कि सामाजिक बुराइयों को दूर करने का यह एक बेहतरीन अवसर भी होता है। कार्यक्रम का संयोजन डा. विनीता व संचालन डाक्टर मनोज कुमार ने किया। कार्यक्रम में डा. केपी सिंह तोमर, डा. राहुल कौशिक, डा. अजीत कुमार राव, डा. निशा पाल, डा. पूनम रानी, डा. हरीश राम, डा. दीपिका भट्ट, डा. अतुल कुमार दुबे, डा. शिल्पी पाल, डा. विनीता दहिया, डा.सरला भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।



हरिद्वार : हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते शिक्षक व छात्र।

# हर्ष पीजी कॉलेज हुआ इंडोर पौधारोपण, छात्रों को समझाया वृक्षों का महत्व

**अमर भास्कर संवाददाता**

**लक्सर!** हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी में वनस्पति विज्ञान विभाग एवं प्रांगण समिति के प्रयास से वृक्षारोपण एवं इंडोर पौधारोपण कार्य किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह ने कहा कि प्रांगण समिति एवं वनस्पति विज्ञान द्वारा ऐसे वृक्षारोपण कार्य से महाविद्यालय हमेशा हरा-भरा बना रहेगा इसके साथ साथ छात्र छात्रों को यह भी प्रेरित करना जरूरी है पौधे का पोषण कैसे किया जाए इस अवसर पर प्राचार्य डॉ आरसी पालीवाल ने कहा कि समस्त विद्यालय परिवार को अपने जन्म दिवस, माता-पिता के जन्म दिवस एवं अन्य शुभ कार्यों में प्रत्येक छात्र छात्रा को एक एक वृक्ष लगाए जाने



पर के लिए प्रेरित किया गया प्रबंध तंत्र के सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत द्वारा मानव जीवन में पौधों की महत्वता के विषय में बताते हुए कहा कि वृक्षारोपण से हमारा पर्यावरण एवं वायुमंडल संतुलित बना रहता हैद्य प्रांगण समिति प्रभारी डॉ स्मृति कुशाल ने कहा कि हमारा वनस्पति विज्ञान विभाग प्रांगण को हरा-भरा बनाए रखने पर्यावरण की सुरक्षा एवं वायुमंडल संतुलन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा। इस अवसर पर वनस्पति विज्ञान विभाग डॉक्टर सारिका महेश्वरी डॉ. मंजू रानी डॉ. नरेंद्र डॉ. परीक्षित अपना भरपूर योगदान दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विज्ञान, वाणिज्य एवं कला वर्ग के सभी प्राध्यापक एवं प्राध्यापिका उपस्थित रहे।

में प
धूमध
गणपा
दुर्गा
के दे
महोत्स
उत्सा
मेयर
की त
प्राप्त
उन्हें
किया
प्रदुम
अजी
तोमर,
जितेंद्र
कुमार
पूजा
विहार

BREAKING NEWS
# बुलन्द वाणी
मजलूमों की आवाज़...
Facebook & Youtube Buland Vani News
06-सितम्बर-2022 | Email-dainikbulandvani@gmail.com | M. 9760241521, M. 8923196960



संजय कुमार राजपूत

## शिक्षक दिवस के अवसर पर किया गया पुरातन शिक्षक महान विभूतियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत।

हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी हरिद्वार में शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर पुरातन शिक्षक महान विभूतियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर के पी सिंह ने कहा कि आज का दिन अनुशासित शिक्षकों के सम्मान और गरिमा का दिन है। महाविद्यालय के सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत ने हिमालय की प्रतिज्ञा ( हिमालय बचाओ पॉलीथिन हटाओ) दिलाते हुए सभी छात्र छात्राओं शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को अपने सारगर्भित वक्तव्य से वशीभूत किया। उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रभावती देवी द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शिक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ आरसी पालीवाल ने कहा कि जिसके अंदर शिष्टाचार क्षमादान एवं कर्तव्यनिष्ठ का गुण विद्यमान हो वहीं शिक्षक बन सकता है। पुरातन महान विभूति शिक्षक एवं मुख्य अतिथि के रूप में आए श्री इलम चंद्र गुप्ता प्रबंधक आई पी इंटर कॉलेज ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि अपने उत्तम चरित्र एवं समय के समायोजन से ही एक आदर्श शिक्षक बन सकता है।श्री घनश्याम प्रबंधक नेशनल कन्या इंटर कॉलेज खानपुर,नरेंद्र अग्रवाल प्रबंधक नन्ही दुनिया इंटर कॉलेज, डॉ वीके शर्मा डीन शिक्षक संघ सहारनपुर का शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य स्वागत करते हुए अंगवस्त्र एवं शील्ड देखकर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षाशास्त्र विभाग के डॉ केपी तोमर डॉक्टर विक्की तोमर डॉ कुलदीप ने सभी मुख्य अतिथियों को सम्मानित करते करते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की। अवसर पर महाविद्यालय के सभी कला ,विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग के सभी शिक्षक और शिक्षिका सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस का समापन राष्ट्रगान और हिमालय सुरक्षा की प्रतिज्ञा महाविद्यालय परिवार एक साथ जुट होकर किया।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

BREAKING NEWS
# बुलन्द वाणी
Facebook & Youtube Buland Vani News
मजलूमों की आवाज़...
09-सितम्बर-2022 | Email-dainikbulandvani@gmail.com | M. 9760241521, M. 8923196960



संजय कुमार राजपूत

## विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर नुक्कड़ नाटक एवं साक्षरता जागरूकता रैली का किया गया भव्य आयोजन।

हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज हरिद्वार के अंग्रेजी विभाग द्वारा विश्व साक्षरता दिवस-2022 के अवसर पर नुक्कड़ नाटक एवं साक्षरता जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया इस अवसर पर साक्षरता रैली को महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर के पी सिंह सचिव डॉक्टर हर्ष कुमार दौलत एवं प्राचार्य डॉ आर सी पालीवाल ने महाविद्यालय प्रांगण से हरी झंडी देकर रायसी गांव के लिए रवाना किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने अंग्रेजी विभाग द्वारा निकाली गई साक्षरता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के लिए छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए कहां की ऐसे आयोजन से हमारा समाज रूढ़वादी सोच से निजात पाता है और उच्च साक्षरता के प्रति प्रेरित होता है इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पूनम चौधरी डॉक्टर प्रमोद डॉ दीपिका भट्ट ने कहा कि हमारा महाविद्यालय ग्रामीण एवं पिछड़ा क्षेत्र होने के नाते लोगों को साक्षरता के प्रति जागरूक करना हम लोगों का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व है। इस रैली को सफल बनाने के लिए हमारे महाविद्यालय के सभी कला वर्ग विज्ञान वर्ग एवं वाणिज्य वर्ग के शिक्षक,शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं रायसी ग्रामीणवासियों ने रायसी चौराहे पर छात्र छात्रों द्वारा किए गए नुक्कड़ नाटक की खूब प्रशंसा करते हुए कहा कि हर्ष महाविद्यालय समाज को एक नई दिशा प्रदान कर रहा है।



विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
**सम्पर्क करें**
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

# हर्ष पीजी कॉलेज, बिझौली में रैली निकालकर किया ग्रामीणों को साक्षरता के प्रति जागरूक

अमर भास्कर संवाददाता

लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी में अंग्रेजी विभाग द्वारा विश्व साक्षरता दिवस पर नुक्कड़ नाटक एवं साक्षरता जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर साक्षरता रैली को महाविद्यालय के प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह सचिव डॉ. हर्ष कुमार दौलत एवं प्राचार्य डॉ आरकी पालीवाल ने महाविद्यालय प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर रायसी गांव के लिए रवाना किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने साक्षरता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के लिए छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से हमारा समाज रूढ़िवादी सोच से निजात पाता है और उच्च साक्षरता के प्रति प्रेरित होता है। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पूनम चौधरी डॉ. प्रमोद डॉ दीपिका भट्ट ने कहा कि हमारा महाविद्यालय ग्रामीण एवं पिछड़ा क्षेत्र होने के नाते लोगों को साक्षरता के प्रति जागरूक करना हम लोगों का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व है। रैली को सफल बनाने के लिए हमारे महाविद्यालय के सभी कला वर्ग विज्ञान वर्ग एवं वाणिज्य वर्ग के शिक्षक,शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं






ग्रामीणों ने रायसी चौराहे पर छात्रों द्वारा किए गए नुक्कड़ नाटक की खूब प्रशंसा की। कहा कि हर्ष महाविद्यालय समाज को एक नई दिशा प्रदान कर रहा है। उधर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिझौली में साक्षरता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य नीरज नैथानी तथा कार्यक्रम प्रभारी पर्यावरण मित्र शिक्षक अशोक पाल ने बच्चों को साक्षरता का महत्व समझाते हुए जीवन में शिक्षा को जरूरी बताया। कहा कि बिना शिक्षा के मनुष्य पशु के समान है। आज सरकार द्वारा साक्षरता को लेकर विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। घर में माता-पिता बच्चों के सहारे भी साक्षर हो सकते हैं। उन्होंने समस्त छात्रों, युवाओं से इसमें सहयोग देने का भी आह्वान किया। इससे पहले विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों द्वारा साक्षरता के प्रति जागरूकता को लेकर क्षेत्र में रैली निकाली गई। कार्यक्रम प्रभारी पर्यावरण मित्र शिक्षक अशोक पाल ने रैली का नेतृत्व किया। प्रधानाचार्य नीरज नैथानी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया, जीवन में शिक्षा है बेहद जरूरी के नारों व स्लोगन लिखे बैनरों के साथ रैली निकाली।

फीता काटकर मेयर ने किया ... गुरुग्राम में कनाल ...




**महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारम्भ करते प्रबंधतंत्र अध्यक्ष डॉ. के.पी.सिंह साथ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश चन्द्र पालीवाल**



## हर्ष पीजी कॉलेज में हुआ नव प्रवेशित छात्रों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम

अमर भास्कर संवाददाता

लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी के आन्तरिक गुणवत्ता संवर्द्धन प्रकोष्ठ द्वारा नव प्रवेशित छात्रों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ केपी सिंह, सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत एवं प्राचार्य डॉ राजेश चंद पालीवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश चंद पालीवाल ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के अनुसार नवीन पाठ्यक्रम के साथ किस प्रकार की शिक्षण विधि एवं शिक्षण कौशल किस प्रकार लागू किया जाए इस विषय पर ऑनलाइन प्रोजेक्टर के माध्यम से सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं आन्तरिक गुणवत्ता संवर्द्धन प्रकोष्ठ समन्वयक डॉ राहुल कौशिक ने छात्रों को नई शिक्षा नीति के द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम को नवीन शिक्षण कौशल के साथ कैसे अपनाया जाए इस विषय पर अपना सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे डॉ निशा पाल, डॉ पूनम चौधरी, डॉ हेमंत पैंवार, डॉ मंजू, डॉ प्रियंका, डॉ मनोज कुमार, डॉ ललित मोहन सैनी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नवीन जानकारियां दी। कार्यक्रम मे डॉ अजीत राव, डॉ नीटू राम, डॉ के पी तोमर, डॉ अतुल दुबे, डॉ अंजू, डॉ प्रिया प्रधान, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ नेहा सिंह, डॉ कुलदीप कुमार, डॉ प्रीति गुप्ता, डॉ अक्षय गौतम, डॉ विक्रम सिंह, डॉ मीनू, डॉ प्रशांत कुमार, डॉ रणवीर सिंह, डॉ मुरली सिंह, डॉ अश्वनी कुमार, डॉ मौ इकराम, डॉ विकास तायल, डॉ परीक्षित कुमार, डॉ स्मृति कुकशाल, डॉ सारिका माहेश्वरी, डॉ रश्मि नौटियाल, डॉ सरला भारद्वाज, डॉ दीपिका भट्ट, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ दुर्गा रणाक, डॉ हरीश राम, डॉ विनिता दहिया उपस्थित रहे।







BREAKING NEWS
# बुलन्द वाणी
Facebook & Youtube Buland Vani News
मजलूमों की आवाज़...
13-सितम्बर-2022
Email-dainikbulandvani@gmail.com
M. 9760241521, M. 8923196960







संजय कुमार राजपूत

## आन्तरिक गुणवत्ता संवर्द्धन प्रकोष्ठ द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का किया गया आयोजन।

हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज हरिद्वार के आन्तरिक गुणवत्ता संवर्द्धन प्रकोष्ठ द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ के पी सिंह, सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत एवं प्राचार्य डॉ राजेश चंद्र पालीवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश चंद्र पालीवाल ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति: 2020 के अनुसार नवीन पाठ्यक्रम के साथ किस प्रकार की शिक्षण विधि एवं शिक्षण कौशल किस प्रकार लागू किया जाए इस विषय पर ऑनलाइन प्रोजेक्टर के माध्यम से सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं आन्तरिक गुणवत्ता संवर्द्धन प्रकोष्ठ समन्वयक डॉ राहुल कौशिक ने छात्र छात्राओं को नई शिक्षा नीति के द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम को नवीन शिक्षण कौशल के साथ कैसे अपनाया जाए इस विषय पर अपना सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे डॉ निशा पाल, डॉ पूनम चौधरी, डॉ हेमंत पँवार, डॉ मंजू, डॉ प्रियंका, डॉ मनोज कुमार, डॉ ललित मोहन सैनी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्र-छात्राओ को नवीन जानकारिया दी। कार्यक्रम मे डॉ अजीत राव, डॉ नीटू राम, डॉ के पी तोमर, डॉ अतुल दुबे, डॉ अंजू, डॉ प्रिया प्रधान, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ नेहा सिंह, डॉ कुलदीप कुमार, डॉ प्रीति गुप्ता, डॉ अक्षय गौतम, डॉ विक्रम सिंह, डॉ मीनू, डॉ प्रशांत कुमार, डॉ रणवीर सिंह, डॉ मुरली सिंह, डॉ अश्वनी कुमार, डॉ मौ इकराम, डॉ विकास तायल, डॉ परीक्षित कुमार, डॉ स्मृति कुकशाल, डॉ सारिका माहेश्वरी, डॉ रश्मि नौटियाल, डॉ सरला भारद्वाज, डॉ दीपिका भट्ट, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ दुर्गा रजक, डॉ हरीश राम, डॉ विनिता दहिया उपस्थित थे।


विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीयः- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960



# हर्ष विद्या मंदिर में राष्ट्रीय शिक्षुकता प्रोत्साहन योजना जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमर भास्कर संवाददाता



**लक्सर।** हर्ष विद्या मंदिर (पीजी) कॉलेज, रायसी में राष्ट्रीय शिक्षुकता प्रोत्साहन योजना के लिये जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्साहित विद्यार्थियों से भरे खचाखच हॉल में कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य राजेंद्र चंद पालीवाल ने किया और विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ रोजगार अवसर की महत्ता पर जोर दिया। सचिव डॉ हर्ष ने ऐसे कार्यक्रम को शिक्षा का अभिन्न अंग बताया। उप प्राचार्य डॉ अजित राव और डॉ. केपी सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का आह्वान कैरियर परामर्श प्लेसमेंट सहायता समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम आयोजक, हेमंत पंवार द्वारा पूरी प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुये बताया कि इस योजना के अंतर्गत 17 लाख से अधिक विद्यार्थी भारतीय सरकार की इस बहुआयामी एनएपीएस योजना के अंतर्गत रजिस्टर्ड हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि ग्रह योजना 400 से अधिक कौशल प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करतीं हैं और जिसके लिये सरकार की तरफ़ से 9 हजार प्रति माह तक भुगतान विद्यार्थीयों को किया जाता हैं। कार्यक्रम में डॉ प्रदीप और डॉ प्रियंका ने कमेटी के सदस्यों के साथ रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में सहयोग किया। कार्यक्रम में डॉ मीनू, डॉ नीटू, डॉ निशा, डॉ हरीश, डॉ मनोज, डॉ विनीता, डॉ दुबे और अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।


गी। पशु चिकित्सा कराया जा रहा है। इस अवसर पर पशु
गत कराया गया कि चिकित्सा अधिकारी, ईओ, बीडीओ
रह से नियंत्रण में है सहित समस्त बीओ उपस्थित रहे।

## हिंदी दिवस के अवसर पर एक अतिथि व्याख्यान का किया गया आयोजन



**हरिद्वार, लक्सर।** हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी, हरिद्वार के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर के पी सिंह सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत प्राचार्य डॉ राजेश चंद्र पालीवाल, डॉक्टर ओम प्रकाश सिंह तथा डॉक्टर अजीत कुमार राव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वर्धमान कॉलेज बिजनौर के डॉ ओमप्रकाश सिंह हिंदी भाषा एवं उसके विकास को विस्तार से बताते हुए कहा कि हिंदी एक जीवंत भाषा है भारत ही नहीं मॉरीशस, कनाडा, फिजी, त्रिनिडाड आदि देशों में भी हिंदी में अध्ययन तथा अध्यापन कार्य हो रहा है।कार्यक्रम के संयोजक डॉ विक्रम सिंह एवं सह संयोजक डॉक्टर मीनू सैनी ने हिंदी भाषा के उच्चारण को सुधारने एवं प्रयोग को अपने दैनिक जीवन के साथ कार्यों में भी प्रयोग में लाने पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉक्टर अजीत कुमार राव डॉक्टर वंदना नीटियाल डॉक्टर के पी तोमर डॉक्टर पूनम चौधरी डॉक्टर वंदना डॉक्टर निशा पाल, डॉक्टर हरीश राम, डॉक्टर अतुल कुमार दुबे डॉ राहुल कौशिक डॉक्टर मुरली सिंह डॉक्टर साधना भारद्वाज डॉक्टर दीपिका भट्ट डॉ प्रमोद कुमार डॉ ललित मोहन, डॉक्टर प्रशांत कुमार, डॉ रणवीर सिंह, डॉक्टर स्मृति कुकसाल, डॉक्टर सारिका माहेश्वरी,डॉ सुरजीत कौर डॉ विक्की तोमर, डॉ नरेंद्र कुमार, डॉ परीक्षित कुमार, डॉक्टर वर्षा अग्रवाल, डॉ अश्वनी कुमार, डॉ इकराम डॉ हेमंत कुमार, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ प्रियंका सैनी डॉक्टर प्रशांत कुमार आदि प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

4



BREAKING NEWS
# बुलन्द वाणी
Facebook & Youtube Buland Vani News
मजलूमों की आवाज़...
01-अक्टूबर-2022
Email-dainikbulandvani@gmail.com
M. 9760241521, M. 8923196960




संजय कुमार राजपूत

## राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा आज से महाविद्यालय में स्वच्छ भारत अभियान (क्लीन इंडिया) का हुआ शुभारंभ।

हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज हरिद्वार के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ (युवा कल्याण विभाग)द्वारा आज 1अक्टूबर से महाविद्यालय में स्वच्छ भारत अभियान (क्लीन इंडिया) का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर के पी सिंह सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत एवं प्राचार्य डॉ आर सी पालीवाल द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के लिए स्वयंसेवीओं को प्रेरित और उत्साहित करते हुए किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन हमारे महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं सहकार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर दीपिका भट्ट ,डॉ अतुल कुमार दुबे द्वारा आज राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ को सफल बनाते हुए स्वयंसेवी को क्लीन इंडिया अभियान के तहत 1 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2022 के मध्य स्वच्छत भारत अभियान की शुरुआत कर रहा है। इस अभियान के अंतर्गत महा विद्यालय प्रांगण सुंदर एवं स्वच्छ बनाना इसके साथ साथ स्वच्छता के लिए आस-पास के गांव में जनता को जागरूक करना मुख्य लक्ष्य निर्धारित किया गया इस स्वच्छता अभियान में डॉक्टर अजीत राव डॉक्टर विनीता दहिया डॉक्टर सरला भारद्वाज डॉक्टर वर्षा अग्रवाल डॉक्टर नीतू राम,डॉक्टर नरेंद्र डॉक्टर सारिका महेश्वरी, डॉ वंदना डॉक्टर विक्की तोमर डॉक्टर हरीश राम आदि विज्ञान,कला एवं वाणिज्य वर्ग के सभी प्राध्यापकों ने स्वयंसेवीओं को स्वच्छता के लिए शुभकामना दी और प्रोत्साहित किया ।



विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

# रासेयो की कार्यशाला में स्वस्थ व स्वच्छ जागरूक भारत बनाने पर दिया बल

**लक्सर।** हर्ष विद्या मंदिर पीजी कलेज रायसी  की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्वस्थ व स्वच्छ जागरूक भारत बनाने पर बल दिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सही तरीके से पठनपाठन कार्य करने के लिए स्वस्थ मस्तिष्क जरूरी है। कार्यशाला का उद्घाटन प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. केपी सिंह, उपाध्यक्ष डाक्टर प्रभावती, सचिव डा. हर्ष कुमार दौलत ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर डा. राजेश चंद्र पालीवाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, इसलिए छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनको 6 महीने में एक बार एल्बेंडाजोल टेबलेट की दवा अनिवार्य रूप से खिला देना चाहिए। जिससे छात्र व छात्रा स्वस्थ मानसिकता के साथ पठनपाठन कार्य कर सके। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. दीपिका ने सभी छात्र छात्राओं को फास्ट फूड नही खाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता के लिए सभी छात्र छात्राओं को प्रेरित किया गया और 100 छात्र छात्राओं को अल्बेंडाजोल टैबलेट वितरित की गई। महाविद्यालय के कला विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग के सभी प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगणो ने छात्र छात्राओं के स्वस्थ भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

*16.09.2022*




**लक्सर से डॉक्टर हर्ष कुमार दौलत अकेले निर्विरोध बीडीसी मेंबर निर्वाचित**

खानपुर: त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बीडीसी मेंबर डॉ हर्ष कुमार दौलत निर्विरोध निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सचिव हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज हर्ष कुमार दौलत निर्विरोध रायसी क्षेत्र से बीडीसी मेंबर चुने गए डॉ हर्ष कुमार दौलत हमेशा से ही सामाजिक कार्य से जुड़े रहते हैं और राजनीतिक सामाजिक एवं समसामयिक मुद्दों पर कार्य करते रहते हैं डॉ हर्ष कुमार दौलत के निर्वाचित होने से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई वहीं वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर के पी सिंह का कहना है कि युवाओं को राजनीति में आगे आना चाहिए ताकि देश का भविष्य उज्जवल हो सके डॉ हर्ष के पंचायत चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित होने पर उनके घर पर बधाई देने वालों का ताता लग रहा है इससे पूर्व भी डॉ हर्ष कुमार दौलत झबरेड़ा सीट से विधानसभा चुनाव की भी तैयारी कर रहे थे लेकिन उन्हें टिकट न मिल पाने के कारण वह संगठन के लिए लगातार कार्य करते रहें डॉ हर्ष कुमार दौलत हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज के सचिव कुंवर प्रभा पीजी कॉलेज के प्रशासक है और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं




## रसायन विज्ञानं विभाग के द्वारा विश्व ओजोन दिवस को मनाया गया



# हर्ष पीजी कॉलेज में मना राष्ट्रीय एकता दिवस

**अमर भास्कर, संवाददाता**



**हरिद्वार।** हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी में राष्ट्रीय एकता दिवस धूमधाम से मनाया गया! महाविद्यालय प्रबंधक डॉ. केपी सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमारे देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की दिशा में हमारे राष्ट्र की अंतर्निहित ताकत और लचीलेपन की पुष्टि करने का अवसर प्रदान करता है। सचिव डॉ कर्ष कुमार दौलत ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के सम्मान में भारत सरकार ने गुजरात में नर्मदा नदी के पास सरदार वल्लभभाई पटेल की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा का निर्माण किया । जो भारत में एकता की ताकत का प्रतीक है। उत्सव का मुख्य उद्देश्य देश की एकता का

## राष्ट्रीय एकता की दिलाई गई शपथ

उत्थान करना और भारतीय इतिहास में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान के बारे में जागरूकता फैलाना है। सरदार पटेल ने अपनी दूरदर्शिता चतुराई और डिप्लोमेसी की बदौलत इन रियासतों का भारत में विलय करवाया था । डॉ. पालीवाल ने कहा कि आज छात्र- छात्रओं को जरुरत है कि वि भारत के बेहतर निर्माण के लिए रात दिन कार्य कर देश को विकसित देश कि श्रेणी में खड़ा करे। इस अवसर पर सभी छात्र- छात्रओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ. अजीत राव, डॉ. केपी तोमर, डॉ. विनीता दहिया, डॉ. निशा पाल, डॉ. परीक्षित, डॉ. प्रशांत डॉ. अश्वनी, डॉ. इकराम डॉ.प्रिया प्रधान, विश्वनाथ शर्मा के अलावा कई प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहें ।

# बाघों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा के लिए वैश्विक प्रणाली को बढ़ावा जरूरी



● **जनवाणी संवाददाता, रुड़की**

**अंतरराष्ट्रीय** बाघ दिवस के अवसर पर हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ' इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाघों के संरक्षण और उनकी विलुप्त होती प्रजातियों को बचाने के लिए छात्रों को जागरूक करना था ' इसके अतिरिक्त छात्र छात्राओं को भारत में बाघ संरक्षण परियोजनाओं पर आधारित लघु चलचित्र दिखाई गई' इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर के पी सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को बाघ संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई व जंतु विज्ञान विभाग द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना की ' प्राचार्य डॉ राजेश चंद्र पालीवाल ने कहा इस दिवस की शुरूआत साल 2010 में रूस के पिट्सबर्ग शहर में हुई थी' इसीलिए हर साल 29 जुलाई को बाघों की घटती आबादी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके संरक्षण के प्रयासों के लिए इस दिवस को मनाया जाता है' जंतु विज्ञान विभाग की प्रवक्ता डॉ रश्मि नौटियाल द्वारा छात्र छात्राओं को बताया गया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य बाघों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा के लिए एक वैश्विक प्रणाली को बढ़ावा देना है ' डॉ नेहा सिंह द्वारा भारत में चल रहे बाघ संरक्षण परियोजना के विषय में अवगत कराया गया ' इस प्रतियोगिता में आकाश शर्मा विजेता रहे ' इस प्रतियोगिता का आयोजन संयुक्त रूप से डॉ रश्मि नौटियाल और डॉ नेहा सिंह द्वारा कराया गया ' इस प्रतियोगिता के अवसर में डॉ स्मृति कुकसाल , डॉ मंजू रानी , डॉ अक्षय गौतम, डॉ विकास तायल, डॉ सारिका महेश्वरी, डॉ अश्वनी कुमार आदि शामिल रहे। ' इस प्रतियोगिता का आयोजन डॉ नेहा सिंह व डॉ रश्मि नौटियाल द्वारा कराया गया।

हो। आवश्यक कार्यवाही करते हुए अपने    को 1 माह के अंदर अदा कर।    जायेगा। ऐसा निर्देश सभी पदाधिकारियों को    किया। मंच

# हर्ष पीजी कॉलेज में संगोष्ठी में छात्रों को समझाए शोध के आयाम

» **मदरलैंड संवाददाता**



लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी में बृहस्पतिवार को चित्रकला विभाग द्वारा विभागीय संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसका विषय शोध के विविध आयाम रहा। इस विषय पर एमए चतुर्थ के समस्त छात्रों में अपने शोध पत्र को प्रस्तुत किये। सेमिनार का शुभारंभ महाविद्यालय अध्यक्ष डॉ केपी सिंह ने किया। सचिव डॉ. हर्ष कुमार दौलत ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्रों में मंच पर अपनी प्रस्तुति देने की क्षमता का विकास होता है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश चंद्र पालीवाल ने विभाग के इस कार्यक्रम की सराहना की एवं छात्रों को प्रोत्साहित किया एवं शोध के महत्व पर प्रकाश डाला। चित्रकला विभाग की प्रभारी डॉ वर्षा अग्रवाल एवं सह प्रभारी डॉ प्रीति गुप्ता ने कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। जिसमें डॉ विनीता दहिया, श्रीमती प्रिया प्रधान, डॉ शिल्पी पाल, डॉ निधि गुप्ता, रणजीत सिंह आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया। डॉ प्रीति गुप्ता ने शोध की विधियों एवं शोध के विविध आयाम पर प्रकाश डाला। प्रस्तुतीकरण के आधार पर डॉ अजीत राव एवं डॉ दुर्गा रजक ने उत्तम शोधपत्र प्रस्तुत करने वाले छात्रों को चयनित किया। प्रथम स्थान पर मंजू, द्वितीय स्थान पर नंदिनी एवं तृतीय स्थान पर निर्मल रही। शोध पत्र वाचन में शालू, पूनम, मेनका, सीमा खातून, महिमा रानी, कविराज, महिमा चौधरी, रचना, अंजलि दिव्या, फोजिया अंजुम, गजाला मलिक, रितु की प्रस्तुति सराहनीय रही। संगोष्ठी में ख्याति, अमजद, अंशुल, सौरभ, शिवानी आदि छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

बोलते हुए फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष    जानी चाहिए तथा जिला कार्यकारिणी देहरादून    सदस्य ज

# हर्ष विद्या मंदिर में मना 16वा सांख्यिकी दिवस




» **मदरलैंड संवाददाता**

लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर महाविद्यालय रायसी में सोमवार को प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस के जन्मदिवस के उपलक्ष में समाजशास्त्र विभाग द्वारा 16वा सांख्यिकीय दिवस मनाया गया जिसका मुख्य विषय ह्लसतत विकास के लिए आंकड़ेह्व रहा। ऑनलाइन कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ केपी सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधतंत्र के सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत ने आंकड़ों का धरातल स्तर पर उपयोग एवं प्रमाणिकता को बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजेश चंद्र पालीवाल द्वारा बच्चों को सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में सांख्यिकीय के महत्व पर विस्तार पूर्वक बताया गया। सांख्यिकीय दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ राकेश राणा द्वारा सांख्यिकीय दिवस के थीम पर सतत विकास के लिए विस्तृत रूप से चर्चा की और विभिन्न विभागों में आंकड़ों की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ.दुर्गा रजक ने बच्चों को प्राथमिक और द्वितीयक आंकड़ों के बारे में आंकड़ों का वर्गीकरण एव विश्लेषण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। डॉ सुरजीत कौर द्वारा प्रो पी सी महानलोबिस व जनाधार के संबंध में विस्तारित रूप से विश्लेषण किया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन डॉ हरीश राम और डॉ निशा पाल के समन्वय से हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज में छात्रा को पुरस्कार देते अतिथि। -संवाद

# शोधपत्र में मंजू ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

खानपुर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज में चित्रकला विभाग की ओर से आयोजित संगोष्ठी में शोध के विविध आयामों पर चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। बृहस्पतिवार को संगोष्ठी का शुभारंभ महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं में मंच पर अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश चंद्र पालीवाल ने छात्र छात्राओं से बढ़-चढ़कर ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की। चित्रकला विभाग की सह प्रभारी प्रीति गुप्ता ने कहा कि इतिहास से ही चित्रकला ने समाज को एक नई दिशा दी है। इतिहास से ही मानव के विकास में चित्रकला का अहम योगदान रहा है। शोधपत्र में मंजू ने प्रथम, नंदिनी ने द्वितीय और निर्मल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शालू, पूनम, मेनका, सीमा खातून, महिमा, कविराज, महिमा चौधरी, रचना, अंजलि दिव्या, फौजिया अंजुम, गजाला, मलिक और रितु ने भाग लिया। इस दौरान विनीता, प्रिया प्रधान, शिल्पी, निधि गुप्ता, रणजीत सिंह और दुर्गा आदि मौजूद रहे। संवाद

विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें- 1800-121-1166
Objectionable ads? Complain to ASCI 7710012345 www.ascionline.in

# 7 दिवसीय कार्यशाला में किया छात्रों ने कौशल का प्रदर्शन

अमर भास्कर संवाददाता



लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज, रायसी में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर चित्रकला विभाग एवं प्रांगण समिति की ओर से सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यशाला के पहले दिन महाविद्यालय अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह ने कहा कि छात्रों में इस तरह के कार्यक्रम से सृजनात्मकता का विकास होता है। महाविद्यालय सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत ने छात्र छात्राओं के व्यवसायिक प्रशिक्षण के लिए चित्रकला विभाग को बधाई दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश चंद्र पालीवालने द्वितीय दिवस पर छात्र छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अपनी जमीन से जुड़कर ही हमे आगे बढ़ना चाहिए आजकल छात्रों में सृजनात्मकता की कमी हो गई है और बच्चे रेडीमेड चीजों पर ज्यादा आश्रित हो गए हैं परंतु बच्चों ने अपने हाथों से स्वयं पुट्टी करना, घिसाई करना, प्राइमर करना, रेखांकन और रंग का कार्य करके सिद्ध किया कि कोई भी कार्य मुश्किल नहीं है। चित्रकला विभाग प्रभारी डॉ वर्षा अग्रवाल ने एपन विधि से बने चित्रों को लोक जीवन में रंग भरने की विधि बताया। डॉ प्रीति गुप्ता ने कहा कि यह कार्यशाला उत्तराखंड की लोक कला विषय पर की गई है जो 24 नवम्बर से 2 दिसंबर तक चली। इसमें प्रिया प्रधान, डॉ शिल्पी पाल, डॉ विनीता दहिया ने पूर्ण सहयोग किया। प्रांगण समिति की प्रभारी डॉ स्मृति कुकशाल ने डॉ निशा पाल, डॉ पूनम रानी, डॉ मंजू, डॉ अजीत राव, डॉ के पी तोमर, डॉ प्रशांत कुमार, डॉ मुरली सिंह, डॉ अंजू, डॉ कुलदीप आदि ने छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

04.12.2022




National Seminar on 3 December 2022






Padam Shri Kalyan Singh Rawat ji awarding students




Chief guest Mr. Lok Pal Singh Former Judge High Court Uttarakhand Welcoming college secretary Dr. Harsh Kumar Daulat and college principal Dr. Rajesh Chandra Paliwal

दैनिक BREAKING NEWS
# बुलन्द वाणी
मजलूमों की आवाज़...
Facebook & Youtube Buland Vani News
03-दिसम्बर-2022 | Email-dainikbulandvani@gmail.com | M. 9760241521, M. 8923196960



## "एनवायरमेंटल डिग्रेडेशन ऑफ बायो रिसोर्सेज इन उत्तराखंड" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का किया गया आयोजन।

संजय कुमार राजपूत



हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज राइसी हरिद्वार के वनस्पति विज्ञान द्वारा "एनवायरमेंटल डिग्रेडेशन ऑफ बायो रिसोर्सेज इन उत्तराखंड" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार उत्तराखंड साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर द्वारा पोषित थी। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्री लोकपाल सिंह तथा पदमश्री श्री कल्याण सिंह रावत जी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग एक वैश्विक समस्या के रूप में उत्पन्न हुई है जिसको पृथ्वी को बचाने की आवश्यकता है। कीनोट स्पीकर प्रोफेसर डी पी नौटियाल डीन यूयूएचएफ पौड़ी गढ़वाल एवं डॉ अर्चना शर्मा दून यूनिवर्सिटी देहरादून ने भी सेमिनारविषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए । इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ के पी सिंह एवं उपाध्यक्ष डॉ प्रभावती जी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उद्घाटन अवसर पर महाविद्यालय सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत जी ने पर्यावरण को साफ एवं स्वच्छ बनाकर रखने को प्रत्येक मानव का कर्तव्य बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने जन्म दिवस के अवसर पर एक पेड़ अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए जिससे पर्यावरण को बचाया जा सके । सेमिनार में उपस्थित सभी विद्वानों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश चंद्र पालीवाल जी ने पर्यावरण संरक्षण को प्रत्येक नागरिक का दायित्व बताया मुख्य। वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ मधु थपलियाल, डॉ दीपक भट्ट, डॉ अरुण कुमार लोकपाल मनरेगा पौड़ी गढ़वाल एवं डॉ आर पी कुकशाल रिटायर्ड डीएचओ पौड़ी गढ़वाल ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ खेमराज भट्ट, परीक्षा नियंत्रक डॉ विजय प्रकाश, सह परीक्षा नियंत्रक डॉ हेमंत बिष्ट भी उपस्थित रहे। टेक्निकल सेसन के दौरान अनुराधा, कनिष्का काला एवं अन्य शोधार्थियों ने अपने शोध प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डॉ खेमराज भट्ट ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र हित में सदैव कार्य करता है। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका डॉ स्मृति कुकशाल तथा सह संयोजिका डॉ सारिका माहेश्वरी ने सेमिनार के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सेमिनार में 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए जिसमें देश के प्रत्येक हिस्से से शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डॉ मंजू रानी, डॉ परीक्षित कुमार, डॉ नरेंद्र कुमार, डॉ नीतू राम, डॉ केपी तोमर, डॉ राहुल कौशिक, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ अश्वनी कुमार, डॉ हेमंत पवार, डॉ इकराम, डॉ विकास तायल, विक्रम सिंह, डॉ अजीत राव, डॉ प्रशांत कुमार, डॉ रणवीर सिंह, डॉ मुरली सिंह, डॉ अलका, हरीश, डॉ प्रिया प्रधान, डॉ निशा पाल डॉ पूनम रानी, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ कुलदीप कुमार, डॉ दीपिका भट्ट डॉ विनीता दहिया, डॉ वर्षा अग्रवाल, डॉ प्रीति गुप्ता, रश्मि नौटियाल एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।


विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

# पर्यावरण को स्वच्छ रखना सबका कर्त्तव्य

लक्सर (एसएनबी)। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी के वनस्पति विज्ञान द्वारा एनवायरमेंटल डिग्रेडेशन आफ बायो रिसोर्सेज इन उत्तराखंड विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण को साफ स्वच्छ बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश लोकपाल सिंह व पद्मश्री कल्याण सिंह रावत ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग एक वैं ाक समस्या के रूप में उत्पन्न हुई है। जिससे पृथ्वी को बचाने की आवश्यकता है। स्पीकर प्रो. डीपी नौटियाल डीन यूयूएचएफ पौड़ी गढ़वाल व डा. अर्चना शर्मा दून यूनिवर्सिटी देहरादून ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. केपी सिंह व उपाध्यक्ष डा. प्रभावती ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। महाविद्यालय सचिव डा. हर्ष कुमार दौलत ने पर्यावरण को साफ एवं स्वच्छ बनाकर रखने को प्रत्येक का कर्तव्य बताया। महाविद्यालय प्राचार्य डा. राजेश चंद्र पालीवाल ने पर्यावरण संरक्षण को प्रत्येक नागरिक का दायित्व बताया। मुख्य वक्ता डा. मधु थपलियाल, डा. दीपक भट्ट, डा. अरुण कुमार लोकपाल मनरेगा व डा. आरपी कुकशाल ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में श्रीदेव सुमन विवि के कुलसचिव डा. खेमराज भट्ट, परीक्षा नियंत्रक डा. विजय प्रकाश, सह परीक्षा नियंत्रक डा. हेमंत बिष्ट भी उपस्थित रहे। टेक्निकल सेसन के दौरान अनुराधा, कनिष्का काला एवं अन्य शोधार्थियों ने अपने शोध प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की संयोजिका डा. स्मृति कुकशाल व सह संयोजिका डा. सारिका माहे ारी ने बताया कि सेमिनार में सौ से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।



लक्सर : हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में मौजूद अतिथि।

इस अवसर पर डा. राहुल कौशिक, डा. केपी तोमर, डा. अ ानी कुमार, डा. परीक्षित कुमार, डा. नरेंद्र कुमार, डा. प्रदीप कुमार, डा. हेमंत पंवार, विक्रम सिंह, डा. अजीत राव, डा. प्रशांत कुमार, डा. रणवीर सिंह, हरीश, डा. प्रमोद कुमार, डा. कुलदीप कुमार, डा. विनीता दहिया, डा. वर्षा अग्रवाल, डा. प्रीति गुप्ता, रश्मि नौटियाल, डा. दीपिका, डा. अलका, डा. मंजू रानी, डा. प्रिया, डा. नीतू राम, डा. मुरली सिंह, डा. विकास तायल, डा. निशा पाल, डा. पूनम रानी आदि रहे।

4.12.2022 Rashtiy Sahara News Paper




निर्देशानुसार महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं को आज निर्धारित समय 9:45 पर सेमिनार हाल में ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा रहा है

## पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन




अमर भास्कर संवाददाता

लक्सर! हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज हरिद्वार के एथलेटिक्स खिलाड़ी ज्योति और गौरव कुमार ने श्री देव सुमन विश्वविद्यालय महाविद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2022-23 में डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो एवं लंबी कूद में गोल्ड और कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय की गौरव और गरिमा को बढ़ाया!

इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह एवं सचिव डॉ. हर्ष कुमार दौलत ने विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता में एथलेटिक्स खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरसी पालीवाल ने कहा कि महाविद्यालय शैक्षिक उन्नत के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी सुंदर प्रदर्शन कर रहा है आने वाले समय में मेरे द्वारा स्पोर्ट के सभी संसाधन खिलाड़ियों को उपलब्ध कराए जाएंगे जिससे अपनी प्रतिभा को हमारे महाविद्यालय के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर वर्चस्व स्थापित कर सके। महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ अतुल कुमार दुबे एवं कोच का प्रतिनिधित्व कर रहे डॉ. विनीता दहिया ने अपने एथलेटिक्स खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से यह एथलेटिक्स खिलाड़ी उभरते हुए सितारे हैं जो एक दिन राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को जागृत करेंगे।

क्रीडा समिति के सभी सदस्यों डॉ. मोहम्मद इकराम डॉ. प्रदीप कुमार डॉ. नेहा सिंह अनुज गुप्ता संदीप कुमार, विश्वनाथ शर्मा ने अपने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पीजी कालेज रायसी के एथलेटिक्स खिलाड़ियों को किया सम्मानित

लक्सर: हर्ष विद्या मंदिर पीजी कालेज रायसी के एथलेटिक्स खिलाड़ी ज्योति और गौरव कुमार ने श्री देव सुमन विश्वविद्यालय महाविद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2022-23 में डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो और लंबी कूद में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस पर विद्यालय प्रबंधन ने दोनों छात्रों को सम्मानित किया।

शुक्रवार को महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. केपी सिंह और सचिव डा. हर्ष कुमार दौलत ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। प्राचार्य डा. आरसी पालीवाल ने कहा कि महाविद्यालय शैक्षिक उन्नत के साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। जल्द ही खेलों के सभी संसाधन खिलाड़ियों को उपलब्ध कराए जाएंगे। क्रीड़ा प्रभारी डा. अतुल कुमार दुबे और कोच डा. विनीता दहिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में तमाम प्रतिभाएं छिपी हैं। क्रीड़ा समिति के सदस्य डा. मोहम्मद इकराम, डा. प्रदीप कुमार, डा. नेहा सिंह, अनुज गुप्ता, संदीप कुमार, विश्वनाथ शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। (संसू)

देहरादून की और भी खबरें पढ़ें
www.jagran.com

# हर्ष पीजी कॉलेज में लगेगी हैंड सैनिटाइज़र, सेमी ऑटोमैटिक सेनेटरी मशीन: डॉ. पालीवाल


**अमर भास्कर संवाददाता**



लक्सर! हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज, रायसी में छात्रओं और महिलाओं के लिए उत्तराखंड मानव समिति दिल्ली द्वारा हैंड सैनिटाइज़र तथा सेमी-ऑटोमैटिक सेनेटरी मशीन को महविद्यालय को दी गई! इस सन्दर्भ में एक कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय मंगलोर में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अथिति के रूप उत्तराखंड के सुचना आयुक्त

विपिन चंद्र घिल्डियाल ने कहा आज हमें सामजिक बुराइयों से लड़ने की भी जरुरत हैं | उन्होंने कहा कि हर स्कूल/कॉलेज में सेनेटरी मशीन लगनी चाहिए |कार्यक्रम में डॉ. राजेश चन्द्र पालीवाल ने कहा कि गर्ल्स चाइल्ड के लिए सैनिटरी नैपकिन्स बहुत जरूरी होते हैं। लेकिन अब भी कई गर्ल्स चाइल्ड को सैनिटरी नैपकिन्स प्राप्त नहीं होते। जिसके कारण कई लड़कियां पीरियड के दिनों में स्कूल नहीं जाती हैं। डॉ. पालीवाल ने कहा कि इस वेंडिंग मशीन को लेकर छात्राएं काफी एक्साइटेड हैं और उन्होंने उम्मीद की है कि अन्य स्कूलो में भी वेंडिंग मशीन लगेगी। इस वेंडेंग मशीन के लगने से उम्मीद की जा रही है कि पीरियड के दिनों में भी छात्राएं स्कूल जाएंगी और अटेंडेंस में कमी नहीं दिखेगी। उत्तराखंड मानव सेवा समिति दिल्ली से आये वी.एन शर्मा ने कहा कि छात्राओं के स्वास्थ्य व सुरक्षा और स्कूल परिसर को साफ-सुथरा रखने के लिए उच्च प्राथमिक स्कूलों में इलेक्ट्रॉनिक इंसीनरेटर वेंडिंग मशीन (सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन) लगाई जाएंगी।विद्यालय में इसकी व्यवस्था होने से स्कूलों में बालिकाओं की पढ़ाई छोड़ने की संख्या में भी कमी होने की उम्मीद है। इसी को लेकर परिषदीय स्कूलों में पंजीकृत छात्राओं की सहूलियत के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंसीनरेटर वेडिंग मशीन की स्थापना होगी। मशीन स्थापित होने के बाद छात्राओं की ओर से प्रयुक्त पैड का निस्तारण आसानी से हो सकेगा।कार्यक्रम में डॉ.डी.एस.नेगी प्राचार्य मंगलोर राजकीय डिग्री कॉलेज. डॉ.के.एस.नेगी प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय खानपुर, के अलावा डॉ. तीर्थ प्रकाश, डॉ. नीटू राम, डॉ. मंजू , के अलावा कई गणमान्य लोगों के साथ महाविद्यालय की छात्र-छात्राएं उपस्थित रही |






# निबंध प्रतियोगिता में गुलिस्ता ने मारी बाजी

■ लक्सर/एसएनबी।

राजनीति विज्ञान विभाग हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. केपी सिंह, सचिव डा. हर्ष कुमार दौलत और महाविद्यालय के प्राचार्य डा. राजेश चंद्र पालीवाल ने किया। प्रतियोगिता में 85 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मानवाधिकारों के बल पर न केवल राष्ट्र का बल्कि पूरे वि ा का विकास संभव है। भारतीय संविधान एवं वि ा के अन्य राष्ट्रों ने अपने नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान करके उन्हें सर्वांगीण विकास का उचित अवसर प्रदान किया है। बिना मौलिक अधिकारों के न नागरिकों का विकास हो सकता है न ही राष्ट्र का विकास संभव है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गुलिस्ता, द्वितीय स्थान सूर्य प्रताप व तृतीय स्थान सिमरन एवं विशाखा ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डाक्टर अजीत कुमार राव, ललित

दैनिक BREAKING NEWS बुलन्द वाणी
Facebook & Youtube Buland Vani News
मजलूमों की आवाज़...
16-दिसम्बर-2022 | Email-dainikbulandvani@gmail.com | M. 9760241521, M. 8923196960

संजय कुमार राजपूत



# चित्रकला विभाग द्वारा किया गया उत्तराखंड की पारंपरिक एवं पौराणिक ऐपण लोक कला प्रतियोगिता का आयोजन।

हरिद्वार, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी के चित्रकला विभाग द्वारा उत्तराखंड की पारंपरिक एवं पौराणिक ऐपण लोक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर के पी सिंह एवं सचिव हर्ष कुमार दौलत ने कहा कि मानव संस्कृति के विकास में कला का विशेष महत्व है इस प्रतियोगिता से छात्रों में लोक कला के प्रति प्रेरणा जागृत और विकसित होती रहती है। इसके साथ साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर सी पालीवाल ने कहा कि ऐपण कला आज भी कुमायूं क्षेत्रों में प्रासंगिक है हमारी संस्कृति और कला इस समय विलुप्त के कगार पर है इसलिए छात्र-छात्राओं के माध्यम से हम इस कला को वर्तमान में भी प्रासंगिक बनाते हुए जीवित रख सकते हैं। इस प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ प्रिया प्रधान ने छात्र-छात्राओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि एरण पारंपरिक लोक कला पर आधारित चित्रकला व अन्य कलाओं को समय-समय पर प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए किस कला की विशेषता है जिससे उसकी उपयोगिता समाज में बनी रहे चित्रकला विभाग की प्रभारी डॉ वर्षा अग्रवाल इस प्रतियोगिता का निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए ख्याति,( बीए पंचम सेमेस्टर )को प्रथम स्थान, अंशुल चौधरी को द्वितीय स्थान एवं छवि देवी (एम ए तृतीय सेमेस्टर)को तृतीय स्थान दिया गया इसके साथ-साथ सौरभ तनु नीलू को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया इस प्रतियोगिता के लिए विभाग की डॉ प्रीति गुप्ता डॉ विनीता दहिया डॉक्टर शिल्पी पाल छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की और महाविद्यालय के सभी शिक्षक छात्र-छात्राओं के कला की प्रशंसा की।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

ी दैनिक | अमर भास्कर 5

